प्रेषक,

मिशन निदेशक
राष्ट्रीय ग्रामीण स्वास्थ्य मिशन,
उत्तर प्रदेश, लखनऊ।

सेवा में,

समस्त मुख्य चिकित्साधिकारी,
उत्तर प्रदेश।

पत्र संख्याः एस.पी.एम.यू. / एन.आर.एच.एम. / अरबन आर.सी.एच. / 2012–13 / दिनांक 16 .08.2012

**विषयः प्रदेश के 68 जनपदों की शहरी मलिन बस्तियों में अरबन आर0सी0एच0 कार्यक्रम के सफल संचालन हेतु दिशानिर्देश।**

महोदय,

आप अवगत है कि राष्ट्रीय ग्रामीण स्वास्थ्य मिशन के अन्तर्गत अरबन आर0सी0एच0 कार्यक्रम उत्तर प्रदेश के शहरी क्षेत्र की मलिन बस्तियों में प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाएं, मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाएं, परिवार कल्याण सेवाएं प्रदान करने के उद्देश्य से यूरोपियन कमीशन सहायतित सेक्टर इनवेस्टमेन्ट प्रोग्राम (एस0आई0पी0) के अनुसार के अन्तर्गत नगरीय स्वास्थ्य केन्द्र स्थापित किये गये थे, जो वर्ष 2007 08 से एन0आर0एच0एम0 द्वारा वित्त पोषित किये जा रहे है। वित्तीय वर्ष 2011–12 हेतु भारत सरकार को प्रेषित गयी पी0आई0पी0 प्रदेश के 68 जनपदों (कानपुर देहात, चन्दौली, मथुरा, श्रावस्ती, अमेठी, हापुड़ तथा सम्भल को छोडकर) में कुल 131 नगरीय स्वास्थ्य केन्द्र के संचालन की वित्तीय स्वीकृति प्रदान की गयी है, जिसका विवरण निम्न तालिका में अंकित है:–

| . | Name of cities identified for Implementation UHPs in the State PIP under Urban RCH, so far | Major Urban health strategies/activities carried out under Urban RCH so far, city wise in 11-12 | Urban Health Strategies/activities as proposed now in the State PIP under Urban RCH for 12-13 |
|---|---|---|---|
| 1 | Lucknow | 14 UHPs+ additional support to 8 BMCs | 14 UHPs + additional support to 8 BMCs |
| 2 | Kanpur | 5 UHPs | 5 UHPs |
| 3 | Agra | 3 UHPs | 1 UHPs |
| 4 | Aligarh | 5 UHPs | 5 UHPs |
| 5 | Allahabad | 2 UHPs | 2 UHPs |
| 6 | Bareilly | 3 UHPs | 3 UHPs |
| 7 | Ghaziabad | 5 UHP | 5 UHPs |
| 8 | Jhansi | 3 UHPs | 3 UHPs |
| 9 | Meerut | 6 UHPs | 6 UHPs |
| 10 | Saharanpur | 5 UHPs | 5 UHPs |
| 11 | Varanasi | 6 UHPs | 6 UHPs |
| 12 | Moradabad | 5 UHPs | 5 UHPs |
| 13 | Fiazabad | 5 UHPs | 5 UHPs |
| 14 | Gorakhpur | 6 UHPs | 6 UHPs |
| 15 | Unnao (incl.shuklaganj) | 3 UHPs | 3 UHPs |
| 16 | Auraiya | 1UHP | 1UHP |
| 17 | Ambedkarnagar | 1UHP | 1UHP |
| 18 | Azamgarh | 1UHP | 1UHP |
| 19 | Badaun | 1UHP | 1UHP |
| 20 | Bagpat | 1UHP | 1UHP |
| 21 | Bahraich | 1UHP | 1UHP |
| 22 | Balia | 1UHP | 1UHP |
| 23 | Balrampur | 1UHP | 1UHP |
| 24 | Banda | 1UHP | 1UHP |
| 25 | Barabanki | 1UHP | 1UHP |
| 26 | Basti | 1UHP | 1UHP |
| 27 | Bhadohi | 1UHP | 1UHP |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 28 | Bijnor | 1UHP | 1UHP |
| 29 | Bulandshahar | 1UHP | 2UHPs |
| 30 | Chitrakoot | 1UHP | 1UHP |
| 31 | Deoria | 1UHP | 1UHP |
| 32 | Etah | 1UHP | 1 UHP |
| 33 | Etawah | 1UHP | 1UHP |
| 34 | Fatehpur | 1UHP | 1UHP |
| 35 | Firozabad | 1UHP | 1UHP |
| 36 | G.B.Nagar | 1UHP | 1UHP |
| 37 | Ghazipur | 1UHP | 1UHP |
| 38 | Gonda | 1UHP | 1UHP |
| 39 | Hamirpur | 1UHP | 1UHP |
| 40 | Hardoi | 1UHP | 1UHP |
| 41 | Hathras | 1UHP | 1UHP |
| 42 | J.P.nagar | 1UHP | 2UHPs |
| 43 | Jalaun | 1UHP | 1UHP |
| 44 | Jaunpur | 1UHP | 1UHP |
| 45 | Kannoj | 1UHP | 1UHP |
| 46 | Kaushambhi | 1UHP | 1UHP |
| 47 | Kheri | 1UHP | 1UHP |
| 48 | Kushinagar | 1UHP | 1UHP |
| 49 | Lalitpur | 1UHP | 1UHP |
| 50 | Maharajganj | 1UHP | 1UHP |
| 51 | Mahoba | 1UHP | 1UHP |
| 52 | Mainpuri | 1UHP | 1UHP |
| 53 | Mau | 1UHP | 1UHP |
| 54 | Mirzapur | 1UHP | 1UHP |
| 55 | Muzaffarnagar | 1UHP | 2UHPs |
| 56 | Pilibhit | 1UHP | 1UHP |
| 57 | Pratap garh | 1UHP | 1UHP |
| 58 | Raibareilly | 1UHP | 1UHP |
| 59 | Rampur | 1UHP | 1 UHP |
| 60 | S.Kabir Nagar | 1UHP | 1UHP |
| 61 | Sidharthnagar | 1UHP | 1UHP |
| 62 | Sitapur | 1UHP | 1UHP |
| 63 | Sonbhadra | 1UHP | 1UHP |
| 64 | Sultanpur | 1UHP | 1UHP |
| 65 | Kasganj | 1UHP | 2UHPs |
| 66 | Shahjahanpur | 1UHP | 1UHP |
| 67 | Farrukhabad | 1UHP | 1UHP |
| 68 | Shamli | 0UHP | 1 UHP |
| | **68 Districts** | **128 UHPs** | **131 UHPs** |

नोटः मुख्य चिकित्साधिकारी के प्रस्तावानुसार जनपद शामली, जे0पी0 नगर, कासगंज, बुलन्दशहर तथा मुजफ्फर नगर में वर्ष 2012–13 हेतु एक अतिरिक्त नये स्वास्थ्य केन्द्र के स्थापित किये जाने हेतु स्वीकृति प्रदान की गयी है तथा जनपद चन्दौली, मथुरा, कानपुर देहात, श्रावस्ती, हापुड, अमेठी तथा सम्भल से कोई भी प्रस्ताव प्राप्त न होने के कारण इन जनपदों में अरबन हेल्थ पोस्ट स्वीकृत नहीं है।

शहरी क्षेत्रों में नियमित सेवाओं के चिकित्सक, स्टाफ नर्स, ए0एन0एम0 की कमी को दृष्टिगत रखते हुए राष्ट्रीय ग्रामीण स्वास्थ्य मिशन के अन्तर्गत उपर्युक्त प्रत्येक नगरीय स्वास्थ्य केन्द्र में संविदा पर मानव संसाधन की निम्नवत स्वीकृति प्रदान की गई है।

संविदा चिकित्सा अधिकारी (महिला) –1

स्टाफनर्स –1

ए0एन0एम0 –1

स्वीपर–कम–चौकीदार –1

अरबन आर0सी0एच0 कार्यक्रम के अन्तर्गत वर्ष 2012–13 हेतु इस कार्यालय के पत्र संख्या एस.पी.एम.यू./एन.आर.एच.एम./अरबन आर.सी.एच./2012–13/517–72 दिनांक 14.06.2012 तथा एस.पी.एम.यू./एन.आर.एच.एम./अरबन आर.सी.एच./ 2012–13/543–72 दिनांक 20.06.2012 द्वारा कार्यक्रम के संचालन हेतु विभिन्न स्तरों पर संविदा कर्मचारियों के पुनर्अनुबन्ध हेतु दिशा निर्देश निर्गत किये गये है।

**संविदा कर्मियों के तैनाती के सामान्य नियमः**

- सभी चयन/पुनर्अनुबन्ध जिला स्वास्थ्य समिति द्वारा की जायेंगे यदि जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक में विलम्ब हो रहा है तो अध्यक्ष जिला स्वास्थ्य समिति से अनुमोदन प्राप्त कर कार्यवाही की जाय तथा इसका कार्योत्तर अनुमोदन प्राप्त कर लिया जाय।
- संविदा कर्मियों/चिकित्सकों इत्यादि की तैनाती स्थान विशेष के लिये ही होगी।
- किसी भी दशा में स्थानान्तरण नहीं किया जायेगा। यदि कोई व्यक्ति स्थान विशेष पर कार्य करने का इच्छुक नहीं है तो उस स्थान पर संविदा समाप्त करने के उपरान्त किसी अन्य स्थान पर सक्षम स्तर से स्वीकृति के पश्चात ही नियमानुसार नवीन तैनाती की जा सकेगी।
- यदि कोई संविदा कर्मी बिना किसी विशिष्ट कारण अथवा सूचना के अपनी ड्यूटी से एक सप्ताह के लिए अनुपस्थित रहता है तो उसकी संविदा अनुपस्थिति की तिथि से स्वंत समाप्त कर दी जाय।
- संविदा कर्मी अपने विनियमितिकरण एवं स्थायीकरण का दावा नहीं कर सकेगें न ही उन्हें निर्धारित मानदेय के अतिरिक्त कोई अन्य सुविधा अनुमन्य होगी।
- संविदा कर्मी कालावधि के लिए किन्हीं पेशन सम्बन्धी सुविधाओं के हकदार नहीं होगें। इन्हें ऐसी कालावधि के लिए कोई बोनस देय नहीं होगा।
- नियत मासिक मानदेय पर तैनात किये गये समस्त संविदा चिकित्सक/कर्मी नियमित चिकित्सकों/कर्मियों की भाँति ही सप्ताह में 6 दिन अथवा नियत रोस्टर के अनुसार कार्यरत रहेगें तथा नोडल अधिकारी अरबन की सहमति से साप्ताहिक/आकस्मिक/चिकित्सा अवकाश (वर्ष में 14) तथा राजपत्रित/निर्बन्धित अवकाश के अधिकारी होंगें।
- अनुसूचित जाति/जनजाति/अन्य पिछडा वर्ग को समय–समय पर शासन द्वारा निर्गत शासनादेशों के अनुसार संविदा पर कर्मियों की तैनाती में आरक्षण का यथा संभव पालन किया जाना है।
- संविदा पर कार्यरत कर्मी की सेवायें संतोषजनक न पाये जाने पर 1 माह का नोटिस अथवा 1 माह का समतुल्य मानदेय देकर समाप्त की जा सकेंगी।
- सम्बन्धित संविदा कर्मी का वेतन दिये जाने से पहले उसके सम्बन्ध में निर्धारित प्रारूप–1 पर सूचना भर कर एस0पी0एम0यू0 के अरबन आर0सी0एच0 अनुभाग में प्रेषित की जानी है।

| क्रम सं | पदनाम | संविदा कर्मी का नाम एवं पता | संविदा कर्मी का मोबाइल न0 | पिता/पति का नाम | तैनाती का स्थान | तैनाती की तिथि | फोटो |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | |

नोटः– प्रत्येक स्तर के कर्मी के नाम के सम्मुख फोटो भी प्रदर्शित की जायेगी।

- समस्त संविदा कर्मियों के लिए बैंचमार्क चिन्हित किये गये है जिनका विवरण आगे के प्रस्तरों में दिया जा रहा है। प्रत्येक कर्मी के भुगतान के लिए आवश्यक है कि वह अपने चिन्हित बैंचमार्क की प्राप्ति सुनिश्चित करें तभी उसके मानदेय का भुगतान किया जायेगा।

**अरबन हेल्थ पोस्ट के संचालन हेतु दिशानिर्देशः**

**जनसंख्या**–50,000 जनसंख्या (मलिन बस्तियों की जनसंख्या 30,000–35,000) पर एक हेल्थ पोस्ट संचालित की जानी है।

**किराये का भवन**– मलिन बस्ती क्षेत्र में या उसके नजदीक हो। भवन में ओ0पी0डी0, minor O.T., दवाई वितरण कक्ष एवं टीकाकरण कक्ष होना चाहिए।

**कार्य अवधि**– 8 घंटा प्रति कार्यदिवस (समय का निर्धारण क्षेत्रीय मलिन बस्ती की आवश्कता/पहुँच का आंकलन करके किया जाये)।

**सेवाओं की सूची** –

–प्रसव पूर्व सेवाएं–गर्भवती माता के लिए टी0टी0 टीकाकरण, आई0एफ0ए0 गोलियां, पेशाब एवं खून की जाँच, पोषण संबन्धी सलाह, शारीरिक जाँच (बच्चे की स्थिति, खतरे के लक्षणों की पहचान, वजन, बी0पी0 आदि)
–संस्थागत प्रसव हेतु प्रेरित कर संदर्भन करना
–कार्य अवधि के समय पर आकस्मिक प्रसव आने पर प्रसव की सुविधा होनी चाहिए
–जटिल प्रसव हेतु गर्भवती महिलाओं का संदर्भन
–प्रसवोत्तर सेवाएं–माता एवं शिशु की जाँच एवं सामान्य रोगों का उपचार, टीकाकरण।
–परिवार नियोजन सेवायें तथा गर्भ निरोधक गोलियां एवं कण्डोम का वितरण, आई0यू0डी0 का लगाना तथा नसबंदी हेतु संदर्भन।
–गर्भ निरोधकों एवं ओ0आर0एस0 का भण्डारण।
–प्रयोगशाला में पेशाब एवं खून की जाँच की सुविधायें।
–सामान्य (मानइर) रोगों का उपचार।

**मानव संसाधन**–प्रत्येक अरबन हेल्थ पोस्ट में 1 महिला चिकित्सा अधिकारी, 1 स्टाफनर्स, 1 ए0एन0एम0 तथा 1 स्वीपर कम चौकीदार की तैनाती की जायेगी।

- **भवन किराया** : नगरीय स्वास्थ्य केन्द्र के संचालन हेतु किराये के भवन का प्राविधान है, जो मलिन बस्ती क्षेत्र में हो या उसके नजदीक हो जिसका अधिकतम किराया ₹ 7,000/– प्रति माह देय होगा। किराये के भवन में 01 कक्ष ओ0पी0डी0– प्रतीक्षालय तथा चिकित्साधिकारी के चैम्बर सहित (न्यूनतम 30 वर्ग मीटर साईज)
  01 कक्ष माइनर ओ0टी0 (न्यूनतम 12 वर्ग मीटर साईज)
  01 कक्ष औषधि एवं अन्य लॉजिस्टिक के भण्डार एवं वितरण हेतु (न्यूनतम 15 वर्ग मीटर साईज)
  01 कक्ष टीकाकरण एवं अन्य कार्यो हेतु (न्यूनतम 12 वर्ग मीटर साईज) होना चाहिए।
  भवन में 2 शौचालय (01 शौचालय स्टाफ के लिए तथा 01 शौचालय मरीज एवं उनके रिश्तेदारों के लिए) 24 घण्टे पानी की सुविधा सहित होने चाहिए। भवन के किराये हेतु रू0 7000.00 प्रतिमाह की दर से स्वीकृति प्रदान की गयी है।
-
- **चिकित्साधिकारी** : प्रत्येक नगरीय स्वास्थ्य केन्द्र में संविदा के आधार पर एक महिला चिकित्साधिकारी की स्वीकृति प्रदान की गयी है। जिन इकाईयों में चिकित्साधिकारी की तैनाती नहीं है उनमें जिला स्वास्थ्य समिति के अनुमोदनोपरान्त नियमानुसार तैनाती कर ली जाये। महिला चिकित्साधिकारी नगरीय स्वास्थ्य केन्द्र के प्रभारी चिकित्साधिकारी के रुप में कार्य करेंगी तथा स्वास्थ्य केन्द्र पर कार्यरत समस्त कर्मचारी से उनके पदनाम के अनुरुप कार्य लेते हुए केन्द्र का सुचारु संचालन सुनिश्चित करेंगी। यह अपने केन्द्र के माध्यम से प्रदान की जा रही सुविधाओं से क्षेत्रीय निवासियों को आच्छादित करते हुए सम्बन्धित समस्त सूचनाओं के समयबद्ध संकलन एवं प्रेषण हेतु उत्तरदायी होंगी। इनके मानदेय हेतु ₹ 33,000/– प्रति माह की स्वीकृति प्रदान की जा रही है। चिकित्साधिकारी के चयन में सेवानिवृत्त 65 वर्ष की आयु तक की चिकित्साधिकारी भी लिये जा सकते है जो मानसिक एवं शारीरिक रूप से स्वस्थ हो।
- **स्टाफ नर्स** : प्रत्येक नगरीय स्वास्थ्य केन्द्र में संविदा के आधार पर एक स्टाफ नर्स की स्वीकृति प्रदान की गयी है। जो नगरीय स्वास्थ्य केन्द्र के प्रभारी चिकित्साधिकारी के दिशा–निर्देशन में स्वास्थ्य इकाई पर ओ0पी0डी0 एवं अन्य सामान्य परीक्षण एवं सेवायें प्रदान करने का कार्य करेगी। इनके मानदेय हेतु ₹ 16,500/– प्रति माह की स्वीकृति प्रदान की जा रही है। स्टाफ नर्स के चयन में सेवानिवृत्त 65 वर्ष की आयु तक की स्टाफ नर्स भी ली जा सकती हैं जो मानसिक एवं शारीरिक रूप से स्वस्थ हो।
- **ए0एन0एम0** : प्रत्येक नगरीय स्वास्थ्य केन्द्र में संविदा के आधार पर एक ए0एन0एम0 की स्वीकृति प्रदान की गयी है। जो नगरीय स्वास्थ्य केन्द्र के प्रभारी चिकित्साधिकारी के दिशा–निर्देशन में स्वास्थ्य इकाई पर नियत दिवस टीकाकरण एवं अन्य मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवायें प्रदान करने का कार्य करेगी। टीकाकरण दिवस के अतिरिक्त यह ए0एन0एम0 क्षेत्र में राष्ट्रीय कार्यक्रमों तथा अन्य सम्बन्धित स्वास्थ्य गतिविधियाँ संचालित करेंगी। इनके मानदेय हेतु ₹ 9,900/– प्रति माह की स्वीकृति प्रदान की जा रही है। ए0एन0एम0 के चयन में सेवानिवृत्त 65 वर्ष की आयु तक की ए0एन0एम0 भी ली जा सकती हैं जो मानसिक एवं शारीरिक रूप से स्वस्थ हो।

- **स्वीपर कम–चौकीदार** : प्रत्येक नगरीय स्वास्थ्य केन्द्र में संविदा के आधार पर एक स्वीपर–कम–चौकीदार की स्वीकृति प्रदान की गयी है। जो नगरीय स्वास्थ्य केन्द्र के प्रभारी चिकित्साधिकारी के दिशा–निर्देशन में स्वास्थ्य केन्द्र पर स्वीपर–कम–चौकीदार का कार्य करेंगे। इनके मानदेय हेतु ₹ 4,950/– प्रति माह की स्वीकृति प्रदान की जा रही है।
- **विद्युत किराया** : प्रत्येक नगरीय स्वास्थ्य केन्द्र में विद्युत बिल हेतु ₹ 1000/– प्रतिमाह की दर से स्वीकृति प्रदान की गयी है। विद्युत बिल के अनुसार वास्तविक भुगतान किया जाये तथा समय–समय पर नोडल अधिकारी अरबन आर0सी0एच0 द्वारा बिलों का सत्यापन भी किया जाये।
- **दूरभाष किराया** : प्रत्येक नगरीय स्वास्थ्य केन्द्र में दूरभाष की व्यवस्था की स्वीकृति प्रदान की गयी है जिसके लिए ₹ 1000/– प्रतिमाह की दर से धनराशि का प्राविधान है। दूरभाष बिल के अनुसार वास्तविक भुगतान किया जाये तथा समय–समय पर नोडल अधिकारी अरबन आर0सी0एच0 द्वारा बिलों का सत्यापन भी किया जाये तथा यह सुनिश्चित किया जाये कि बिलों के भुगतान के अभाव में दूरभाष विच्छेद न हो, जिन इकाइयों में दूरभाष कियाशील नहीं है तत्काल कियाशील करा दें तथा नगरीय स्वास्थ्य केन्द्र के बाहर दूरभाष नं0 डिसप्ले हो।
- **कन्टीजेन्सी** : प्रत्येक नगरीय स्वास्थ्य केन्द हेतु कन्टीजेन्सी मद में ₹ 500/– प्रतिमाह की धनराशि की स्वीकृति प्रदान की गयी है जिसका उपयोग इकाई में दैनिक उपयोग की सामग्री, स्टेशनरी तथा अन्य कन्टीजेन्सी सामग्री के क्रय हेतु किया जायेगा।

**नगरीय स्वास्थ्य केन्द्रों उपयोगार्थ औषधि एवं कन्ज़्यूमेबिल्स की व्यवस्था** : नगरीय स्वास्थ्य केन्द्रों आने वाले रोगियों के सामान्य रोगों के उपचारार्थ प्रयोग होने वाली औषधि हेतु ₹ 10,000/– प्रति माह तथा कन्ज्यूमेबिल्स की व्यवस्था ₹ 3000/– प्रति माह प्रति इकाई के अनुसार धनराशि की स्वीकृति प्रदान की गयी है। औषधि एवं कन्ज्यूमेबिल्स का कय नगरीय स्वास्थ्य केन्द्र की आवश्यकतानुसार रेट कान्ट्रेक्ट द्वारा जनपद स्तर पर किया जाना है।

**उपकरण एवं फर्नीचर –** वर्ष 07–08 में संचालित सभी हेल्थ पोस्ट हेतु सेक्टर इन्वेस्टमेंट प्रोग्राम के अंतर्गत उपकरण एवं फर्नीचर के क्रय के लिए धनराशि मुक्त की गयी थी। अतः सभी हेल्थ पोस्ट पर मानक के अनुसार उपकरण एवं फर्नीचर की उपलबधता सुनिश्चित कर लें।

**नगरीय स्वास्थ्य केन्द्र हेतु प्रचार–प्रसार गतिविधियां**: अरबन हेल्थ पोस्ट पर प्राथमिक चिकित्सा उपचार मातृ शिशु स्वास्थ्य सेवाएं, नियमित टीकाकरण, परिवार कल्याण सेवायें, काउन्सिलिंग एवं सन्दर्भन सेवाएं सुनिश्चित करायें। अरबन हेल्थ पोस्ट पर प्रदान की जाने वाली सेवाओं की सूची अरबन हेल्थ पोस्ट के प्रवेश द्वार के नजदीक 6 फीट X 4 फीट आकार की होर्डिग पर स्पष्ट एवं बड़े–बड़े अक्षरों में प्रदर्शित की जाय जो दूर से पठनीय हो। टेलीफोन नम्बर, चिकित्साधिकारी एवं अन्य कार्मिकों के नाम भी होर्डिग पर प्रदर्शित किये जाय। अरबन हेल्थ पोस्ट तक लाभार्थियों की पहुॅच सुनिश्चित करने के लिए महत्वपूर्ण स्थानों पर अरबन हेल्थ पोस्ट के स्थान की दिशा एवं दूरी इंगित करते हुये टेलीफोन नम्बर दशार्या जाय। यदि कोई अरबन हेल्थ पोस्ट मलिन बस्ती क्षेत्र से बहुत दूर स्थापित है एवं मलिन बस्तियों में निवास करने वाली जनता को सेवाओं का समुचित लाभ नहीं मिल पा रहा है तो अरबन हेल्थ पोस्ट को मलिन बस्ती क्षेत्र में स्थानान्तरित कर दिया जाय एवं इसकी सूचना महानिदेशक, परिवार कल्याण एवं एस0पी0एम0यू0 में उपलब्ध करायी जाय। अरबन हेल्थ पोस्ट के संचालन की सूचना उपर्युक्त वर्णित होर्डिग की फोटोग्राफ के साथ एस0पी0एम0यू0 में उपलब्ध करायी जाय।

**अनुश्रवण एवं मूल्यांकन**

अरबन हेल्थ पोस्ट पर गुणवत्तापरक सेवाएं प्रदान किये जाने हेतु क्षेत्र के सूडा कर्मियों, सकिय एन0जी0ओ0 एवं जनपदों में पूर्व से कार्यरत हेल्थ पार्टनर का सहयोग लिया जाय। मलिन बस्ती क्षेत्रों में आउटरीच टीकाकरण सत्रों को भी आयोजित किया जाय। प्रत्येक अरबन हेल्थ पोस्ट पर टेलीफोन कियाशील किया जाय एवं नियमित मासिक रिर्पोटिंग प्रारूप पर टेलीफोन नम्बर का अंकन किया जाय, जिससे हेल्थ पोस्ट पर कार्यरत कार्मिकों से समय–समय पर फीडबैक प्राप्त की जा सके। अरबन हेल्थ पोस्ट पर कार्यरत सभी संविदा कर्मियों को राष्ट्रीय ग्रामीण स्वास्थ्य मिशन की विभिन्न योजनाओं के बारे में संवेदनशील कर दिया जाय और यह सुनिश्चित किया जाय कि सरकार की प्राथमिकता के अनुरूप सेवाओं से वंचित समुदाय को अरबन हेल्थ पोस्ट के माध्यम से स्वास्थ्य सेवाओं से आच्छादित किया जा सकें । प्रति माह आयोजित होने वाली डी0एच0एस0 की बैठक में अरबन हेल्थ पोस्ट पर नियमित टीकाकरण मांतृ शिशु कल्याण सेवाएं एवं उपचारित किये गये रागियों की समीक्षा की जायेगी। कुछ जनपदों में अरबन हेल्थ इनऐसियटिव (UHI) व हेल्थ पार्टनर के प्रतिनिधि तैनात है उनका भी सहयोग लिया जाये।

कार्यक्रम के सफल संचालन हेतु नोडल अधिकारी अरबन नामित किया जाना है जो इन हेल्थ पोस्ट के संचालन के लिए पूर्ण उत्तरदायी होगा। समय–समय पर मानिटरिंग एवं सुपरविजन द्वारा इन हेल्थ पोस्ट की क्रियाशीलता के बारे में मुख्य चिकित्सा अधिकारी को सूचित करेंगा तथा मानव संसाधन, औषधि एवं अन्य लाजिस्टिक की पूर्ति हेतु उत्तरदायी होंगा। जिले स्तर पर हेल्थ पोस्ट के भौतिक कार्यों की समीक्षा मुख्य चिकित्साधिकारी द्वारा प्रति माह की जायेगी। माह के अंत में निर्धारित प्रारूप पर भौतिक एवं वित्तीय रिपोर्ट तैयार कर संयुक्त निदेशक अरबन आर0सी0एच0 परिवार कल्याण महानिदेशालय तथा एस0पी0एम0यू0, एन0आर0एच0एम0 के अरबन आर0सी0एच0 अनुभाग में नियमित रूप से प्रेषित करेंगे।

**वित्तीय व्यवस्थाः** कार्यक्रम के संचालन हेतु आर0सी0एच0 फ्लैक्सीपूल के FMR Code No. A-5- Urban RCH कार्यक्रम के अन्तर्गत वित्तीय स्वीकृति प्रदान की गयी है। महानिदेशक परिवार कल्याण के प्रस्ताव पत्र संख्या प0क0/13–जे0डी0/2012/ 295 दिनांक 22.06.2012 के क्रम में कार्यक्रम के संचालन के लिए 09 हेतु संलग्न जनपदवार फांट के अनुसार आर0सी0एच0 फ्लैक्सीपूल के FMR Code No. A-5- Urban RCH मद में तथा मिशन फ्लैक्सीपूल के FMR Code No. B.16.2.5 General Drug & Supplies for Health Facility मद में धनराशि जिला स्वास्थ्य समिति के खाते में अवमुक्त की जा रही है।

विगत वर्षो में हुयी वित्तीय/प्रशासनिक अनियमताओं की नियंत्रक महालेखाकार तथा सी0बी0आई0 द्वारा विभिन्न स्तरों पर जाँच की गयी तथा कार्यवाहियां करायी गयी। पुनः वित्तीय अनियमितायें न हो पायें इसके लिए धनराशि का उपयोग जिला स्वास्थ्य समिति के अनुमोदनोपरान्त राज्य स्तर से उपलब्ध कराये गये, 'स्टेट फाईनेशियल मैनुएल' के अनुसार वित्तीय प्रबन्धन कार्यान्वित कर किया जाय तथा धनराशि का किसी प्रकार का व्ययावर्तन (Diversion) न किया जाय।

धनराशि का आवंटन मात्र आपको व्यय करने के लिए प्राधिकृत नही करता, अपितु वित्तीय नियमों, शासनादेशों एवं कार्यकारी समिति द्वारा निर्धारित प्रकिया का पालन करते हुए, सक्षम प्राधिकारी की स्वीकृति के उपरान्त ही व्यय नियमानुसार किया जायेगा। जिस कार्यक्रम/मद में धनराशि आवंटित की गयी है उसी सीमा तक व्यय नियमानुसार किया जाय।

व्यय से सम्बन्धित समस्त लेखाबहियॉ, बिल वाउचर्स व अन्य अभिलेखों को अपने स्तर पर सुरक्षित रखें एवं नियुक्ति मासिक कान्करेन्ट आडिटर, स्टेटच्यूरी आडिटर, महालेखाकार की आडिट एवं सक्षम निरीक्षण अधिकारी हेतु उपलब्ध कराना सुनिश्चित करे तथा संलग्न प्रारूप पर प्रत्येक माह भौतिक एवं वित्तीय रिपोर्ट एस0पी0एम0यू0, एन0आर0एच0एम0 के आर0आई0 अनुभाग में प्रेषित करने का कष्ट करें।

<u>संलग्नः रिपोर्टिंग प्रपत्र बजट शीट तथा व्यय–विवरण प्रपत्र</u>

भवदीय

(मुकेश कुमार मेश्राम)
मिशन निदेशक

**पत्र संख्याः–** एस.पी.एम.यू./एन.आर.एच.एम./अरबन आर.सी.एच../2012–13/1112-22-8 **तद्दिनांक**

प्रतिलिपिः

1. महानिदेशक चिकित्सा एवं स्वास्थ्य, स्वास्थ्य सेवा महानिदेशालय, उत्तर प्रदेश, लखनऊ।
2. महानिदेशक, परिवार कल्याण, परिवार कल्याण महानिदेशालय, उत्तर प्रदेश, लखनऊ।
3. समस्त मण्डलायुक्त, उत्तर प्रदेश।
4. समस्त जिलाधिकारी, उत्तर प्रदेश।
5. समस्त मण्डलीय अपर निदेशक, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, उत्तर प्रदेश।
6. समस्त मण्डलीय/जिला कार्यक्रम प्रबन्धक, एन0आर0एच0एम0, उत्तर प्रदेश।
7. समस्त महाप्रबन्धक/उपमहाप्रबन्धक, एन0आर0एच0एम0, एस0पी0एम0यू0, लखनऊ।
8. निजी सचिव, प्रमुख सचिव, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, उत्तर प्रदेश।

13/08/12

(मुकेश कुमार मेश्राम)
मिशन निदेशक

# PERFORMANCE APPRAISAL FORM

## PART-I

| |
|---|
| REVIEW PERIOD:<br>NAME:<br>DATE OF JOINING :<br>LOCATION:<br>DATE OF COMPLETION OF CONTRACT: |

## PART-II

1. **Major responsibilities assigned during the review period ( As per assigned duties)**
    -
    -
    -

2. **Performance & Achievements (Please comment on the major achievements during the reporting period)**

**A- Quantitative Assessment**

| MBBS DOCTORS ( Female) | | |
|---|---|---|
| Sl. No. | Activities | Achievement |
| 1 | No. of OPD cases attended | |
| 2. | No. of ANC/PNC cases handled at the facility | |
| 3. | No. of Emergency cases attended against the total no. of cases | |
| 4. | No. of labour cases handled at the facility | |
| 5. | No. of infant/neonatal cases attended | |
| 6. | No of family planning cases attended for Family Palnning method | |

**Details Regarding the Field Visit:**

| | | |
|---|---|---|
| a) | No. of Clinics in Urban Slum (once in a fortnight) | |
| b) | No. of meetings/staff meetings attended. | |
| d) | No. of schools visited in Urban Slum area at regular intervals for medical check ups | |

**B- Qualitative Assessment**

- Interpersonal Relationship
  (Attitude towards and degree of co-ordination with colleagues, Subordinates, Superiors, and other departments)

| Outstanding | Very Good | Good | Average | Poor |
|---|---|---|---|---|

- Behaviour with patients

| Good | Average | Bad |
|---|---|---|

- Flexibility and Adaptability

| Outstanding | Very Good | Good | Average | Poor |
|---|---|---|---|---|

- Is punctual

| Always | Sometimes | Never |
|---|---|---|

- Is dependable for tasks assigned

| Always | Sometimes | Never |
| --- | --- | --- |

**C. Any extraordinary achievement made or reasons for shortfall if any during the reporting period:**

**D. Remarks of the Assessing Authority**

**Overall assessment of the appraisee:**

**Recommendations: Contract Renewed / Contract Terminated**

**Date:**

**Name:**

**Signature:**

## PERFORMANCE APPRAISAL FORM (Staff Nurse/ ANM )

**PART-I( Common for All)**

| |
|---|
| REVIEW PERIOD: |
| NAME: |
| DATE OF JOINING : |
| LOCATION: |
| DATE OF COMPLETION OF CONTRACT: |

**PART-II**

1. **Major responsibilities assigned during the review period ( As per assigned duties)**
   - 
   - 
   - 
2. **Performance & Achievements (Please comment on the major achievements during the reporting period)**

   **A- Quantitative Assessment**

| Staff Nurse | | |
|---|---|---|
| **Sl. No.** | **Activities** | **Achievement** |
| 1 | No of OPD cases per month(ANC registred/TT given) | |
| 2. | Family planning services (detail) | |
| 3. | Immunization by Staff nurse at UHP (Antigen wise) | |

| ANM | | |
|---|---|---|
| **Sl. No.** | **Activities** | **Achievement** |
| 1 | No of pregnant women immunized with 2 TT inj. And ensured with 3 ANC visit and 2 postnatal visits | |
| 2. | No of Fully Immunized Children in her areas | |
| 3. | No of cases of malnutrition among infants and young children (upto 5 years )identified and necessary advice and treatment given or referred serious cases to Urban Health Posts of District Hospital | |

**Details Regarding the Field Visit:**

| | | |
|---|---|---|
| 1 | No of Sessions planned/ held in Urban Slum araes | |
| 2 | No of ANC registred / immunized | |
| 3 | No of Children immunized (antigen wise) | |
| 4 | No of Malnurished children identified and referred | |
| 5 | Family planning services | |

**Record keeping :**

| Records | Complete | Incomplete | Not entered |
|---|---|---|---|
| MCH register | | | |
| Eligible couple register | | | |
| Clinic register | | | |
| Stock register | | | |

**B- Qualitative Assessment**

- Interpersonal Relationship
  (Attitude towards and degree of co-ordination with colleagues, Subordinates, Superiors, and other departments)

| Outstanding | Very Good | Good | Average | Poor |
|---|---|---|---|---|

- Behaviour with patients

| Good | Average | Bad |
|---|---|---|

- Flexibility and Adaptability

| Outstanding | Very Good | Good | Average | Poor |
|---|---|---|---|---|

- Is punctual

| Always | Sometimes | Never |
|---|---|---|

- Is dependable for tasks assigned

| Always | Sometimes | Never |
|---|---|---|

**C. Any extraordinary achievement made or reasons for shortfall if any during the reporting period:**

**D. Remarks of the Assessing Authority**

**Overall assessment of the appraisee:**

**Recommendations:** Contract Renewed / Contract Terminated

**Date:**

**Name:**

**Signature:**

| नगरीय स्वास्थ्य केन्द्र की भौतिक प्रगति का विवरण (वर्ष 12–13) | | | |
|---|---|---|---|
| जनपद– | | | स्थापना वर्ष– |
| नगरीय स्वास्थ्य केन्द्र का नामः– | | | |
| चिकित्सा अधिकारी का नाम | | | योग्यताः– |
| स्टाफनर्स का नामः– | | | |
| ए0एन0एम0 का नामः– | | | |
| स्वीपर कम चौकीदारः– | | | |
| माह | | | |
| क्रम सं0 | कार्य का विवरण | मासिक प्रगति | क्रमिक प्रगति |
| अ | **वाहय रोगियों की संख्या** | | |
| 1. | नये | | |
| 2. | पुराने | | |
| ब | **प्रसव पूर्व महिला की देख–रेख** | | |
| 1. | गर्भवती महिलाओं का पंजीकरण | | |
| 2. | गर्भवती महिलाएं जिनका प्रसवपूर्व तीन बार परीक्षण किया गया। | | |
| 3. | टी.टी. टीकाकरण– | | |
| | टी.टी. 1 | | |
| | टी.टी. 2 | | |
| 4. | जटिलता की स्थिति में संदर्भन | | |
| स | **प्रसव देख–रेख** | | |
| 1. | सामान्य प्रसव (आकस्मिक स्थिति में) | | |
| 2. | सहायतित (आकस्मिक स्थिति में) | | |
| 3. | गर्भपात | | |
| द | **बच्चों का टीकाकरण** | | |
| 1. | बी.सी.जी. | | |
| 2. | पोलियो | | |
| 3. | डी.पी.टी. | | |
| 4. | हेपेटाइटिस | | |
| 5. | मीजिल्स | | |
| 6. | विटामिन–ए पहली खुराक | | |
| 7. | डी.पी.टी. बूस्टर | | |
| 8. | पोलियो बूस्टर | | |
| 9. | जे0ई0 वैक्सीन | | |
| 10 | विटामिन ए की 2–9 खुराक (बाल स्वास्थ्य पोषण माह के दौरान) | | |
| य | **परिवार नियोजन लाभार्थी** | | |
| 1. | पुरूष नसबन्दी हेतु संदर्भन | | |
| 2. | महिला नसबन्दी हेतु संदर्भन | | |
| 3. | आई0यू0सी0डी0 | | |
| 4. | गर्भ निरोधक गोलियॉ | | |
| 5. | कण्डोम | | |

## State of Expenditure for Urban Health Posts (2012-13)

| S. N. | Particulars (Salary/Other) | No of UHPs | Budget received | | Expenditure | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | Month | Cummulativ e | Month | Cummulative |
| | **RCH Flexipool :** | | | | | |
| 1. | Human resource | | | | | |
| | Medical Officer | | | | | |
| | Staff Nurse | | | | | |
| | ANM | | | | | |
| | Sweeper cum chaokidar | | | | | |
| 2 | Building Rent | | | | | |
| 3 | Electricity Bill | | | | | |
| | Telephone Bill | | | | | |
| | Contengency | | | | | |
| | **Mission Flexipool:** | | | | | |
| 4 | Drugs & Consumables | | | | | |